2025

HINDI — MINOR

Paper : MN-2

[Adhunik Hindi Kavita (Chhayavad Tak)]

Full Marks : 75

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

[आधुनिक हिन्दी कविता (छायावाद तक)]

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) पठित कविताओं के आधार पर अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की प्रमुख काव्यगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ख) "मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं में मनुष्य जीवन के विविध पक्षों का प्रभावशाली और मार्मिक चित्रण हुआ है।"– इस कथन पर प्रकाश डालिए।

(ग) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के काव्य में व्यक्त प्रगतिशील तत्वों पर प्रकाश डालिए।

(घ) महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) छायावाद की प्रमुख विशेषताओं का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

2. निम्नलिखित पद्यांशों में किन्हीं ***तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) सुंदर बानी कहि समझावै।
बिधवागन सो नेह बढ़ावै।
दयानिधान परम गुन-आगर।
क्यों सखि साजन? नहिं विद्यासागर।

(ख) जिएं तो सदा इसी के लिए,
यही अभिमान रहे यह हर्ष।
निछावर कर दें हम सर्वस्व,
हमारा प्यारा भारतवर्ष।।

(ग) अभी न होगा मेरा अन्त,
अभी अभी तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसन्त,
अभी न होगा मेरा अन्त।

(घ) गा, कोकिल, बरसा पावक-कण!
नष्ट-भ्रष्ट हो जीर्ण-पुरातन,
ध्वंस-भ्रंस जग के जड़ बन्धन!
पावक पग धर आवे नूतन,
हो पल्लवित नवल मानवपन!

(ङ) "पाया मैंने बचपन फिर से,
बचपन बेटी बन आया
उसकी मंजुल मूर्ति देखकर,
मुझमें नवजीवन आया।"

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) हिन्दी नवजागरण का अग्रदूत किसे कहा जाता हैं?

(ख) खड़ी बोली हिन्दी का पहला महाकाव्य किसे माना गया है?

(ग) मैथिलीशरण गुप्त के एक महाकाव्य का नाम लिखिए।

(घ) 'झरना' के रचनाकार कौन हैं?

(ङ) 'जो कुछ होनी थी, सब होली'— यह किसकी पंक्ति है?

(च) 'वसन्त रजनी' कहां से उतर रही है?

(छ) 'वीरों का कैसा हो वसन्त'— किसकी कविता है?

(ज) 'कुछ मुँह में कुछ लिए हाथ में मुझे खिलाने आई थी'— किसकी पंक्ति है?

(झ) 'पल्लव' किसकी रचना है?